आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज प्रदेश विधानसभा में पेश करेंगे वित्त वर्ष 2026–27 का बजट। वित्तीय अनुशासन के बीच हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित रहेगा बजट ।

- आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रदेश की विकास दर राष्ट्रीय औसत से अधिक अनुमानित– 2 लाख 83 हज़ार रूपये से अधिक हुई प्रति व्यक्ति आय।

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के सत्यापन के लिए तैयार की जा रही किसान डिजिटल रजिस्ट्री।

- केंद्र सरकार ने आयकर नियम 2026 अधिसूचित किए– पहली अप्रैल से होंगे प्रभावी।

- ईद–उल–फितर का त्यौहर आज देशभर में हर्षाल्लास के साथ मनाया जा रहा है–राष्ट्रपति ने देशवासियों को दी ईद की शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री–बजट

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज प्रदेश विधानसभा में वित्त वर्ष 2026–27 के लिए राज्य का बजट पेश करेंगे। अपने चौथे बजट में मुख्यमंत्री राज्य को आत्मनिर्भर बनाने और वर्ष 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने को रोडमैप रखेंगे। बजट में शिक्षा स्वास्थ्य, पर्यटन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा और डेटा स्टोरेज क्षेत्रों के लिए ठोस घोषणा हो सकती हैं। राज्य में हर माह वेतन, पेंशन और अन्य देनदारियों के लिए करीब दो हजार 800 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ती है। इसके चलते सरकार को विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन साधना होगा। मुख्यमंत्री ने देर रात तक अधिकारियों के साथ बजट मसौदे पर मंथन किया और भाषण को अंतिम रूप दिया। पिछले वित्त वर्ष में मुख्यमंत्री ने 58 हजार 514 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

आर्थिक सर्वेक्षण

आर्थिक संकट से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मज़बूत बनी हुई है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा विधानसभा में कल पेश किए गए चालू वित्त वर्ष के आर्थिक सर्वेक्षण में ये खुलासा हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक वर्तमान वित्त वर्ष में हिमाचल में विकास दर राष्ट्रीय औसत से अधिक रहने का अनुमान है। राष्ट्रीय स्तर पर इस वर्ष विकास दर 7 दशमलव 4 से 7 दशमलव 6 फीसद तक अनुमानित है, जबकि हिमाचल में विकास दर 8 दशमलव 3 प्रतिशत अनुमानित है। यही स्थिति प्रति व्यक्ति आय के मामले में

भी है। प्रदेश में मौजूदा वित्त वर्ष में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 83 हज़ार 6 सौ 26 रुपए आंकी गई है, जो बीते वित्त वर्ष के मुकाबले 9 दशमलव 8 फीसद अधिक है। हिमाचल की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से 64 हज़ार 51 रुपए अधिक है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि राज्य सरकार की नीतियों का प्रभाव दिखना शुरू हो गया है और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

डिजिटल रजिस्ट्री

केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक पहल और डिजिटल कृषि मिशन के अंतर्गत किसान डिजिटल रजिस्ट्री प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के सत्यापन और उन्हें सीधे लाभ पहुंचाने के लिए तैयार की जा रही है। इससे देश में खेती का सटीक डेटाबेस तैयार होगा जिससे सरकार समय–समय पर कृषि संवर्धन और विकास के लिए नई योजनाएं बना सकेगी। एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से किसानों के लिए ऑनलाइन फार्मर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य किया गया है। ऊना जिले में अब तक लगभग 40 हज़ार किसान पंजीकृत हो चुके हैं। पंजीकृत किसानों को आधार–आधारित एक विशिष्ट पहचान प्रदान की जा रही है।

आयकर नियम

सरकार ने आयकर नियम, 2026 अधिसूचित कर दिए हैं। ये नियम, पहली अप्रैल से प्रभावी होंगे। नए नियमों का उद्देश्य अनुपालन को बढ़ाना और नियमों की संख्या कम करके कर प्रक्रियाओं को सरल बनाना है।

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि ये नियम, आयकर अधिनियम, 2025 के प्रावधानों को लागू करते हैं, पुरानी प्रक्रियात्मक प्रणालियों को प्रतिस्थापित करते हैं और अद्यतन परिभाषाओं, अनुपालन संरचनाओं और नए ढांचों को शामिल करते हैं। नए नियमों के तहत, कंपनियों को शेयर रजिस्टर रखने, आम बैठकें आयोजित करने और लाभांश का भुगतान केवल देश के भीतर ही करना होगा। इससे, लाभांश वितरण पर घरेलू नियंत्रण मजबूत होगा।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन आज मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघटा की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। मां के इस स्वरूप में सिर पर चंद्र और हस्त में घंटा है। चंद्रमा शांति और घंटा नाद का प्रतीक है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन करने

पहुंच रहे है। वहीं विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन द्वारा सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

उधर चम्बा जिले में भी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। जिला के प्रसिद्ध भद्रकाली भलेई माता मंदिर में भक्तों की खूब भीड़ उमड़ रही है। चंबा के सीता राम मंदिर समिति के अध्यक्ष धीरज वैद्य ने कहा की इस उपलक्ष्य पर मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

मूल्य परिवर्धित कर

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल विधानसभा में वैट कानून में बदलाव करने के लिए हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर संशोधन विधेयक 2026 पेश किया। इसके तहत पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल पर अनाथ और विधवा सेस लगाया जाएगा।इस नए प्रस्ताव के मुताबिक, राज्य में पेट्रोल और डीजल की पहली बिक्री पर यह सेस लगाया जाएगा। विधानसभा में पेश विधेयक के अनुसार अभी तक अनाथ और विधवाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन उनके लिए एक स्थायी फंड की जरूरत महसूस हो रही थी। विधेयक पास होने के बाद ये मंजूरी के लिए लोकभवन भेजा जाएगा।

ईद–उल–फितर

देश सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज ईद–उल–फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ये त्योहार रमज़ान के महीने के समापन का प्रतीक है। दिल्ली में, ईद की मुख्य नमाज जामा मस्जिद, फतेहपुरी मस्जिद और शाही ईदगाह में अदा की जाएगी। इस अवसर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद–उल–फितर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ये त्योहार आत्मसंयम, दान और जरूरतमंदों के प्रति करुणा का संदेश देता है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर देशवासियों से जरुरतमंदों की सहायता करने, समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल में पेट्रोल–डीजल पर लगेगा अनाथ और विधवा सेस। दैनिक भास्कर के शब्द हैं– हिमाचल में पेट्रोल–डीजल पर लगेगा 5 रूपये तक अनाथ व विधवा उपकर, सीएम ने विधानसभा में पेश किया बिल। पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–5 हजार करोड़ के लिए प्रदेश की 50 हजार करोड़ की संपदा नहीं लूटने देंगे।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–राष्ट्रीय औसत से आगे दौड़ा हिमाचल 8 दशमलव 3 प्रतिशत विकास दर का अनुमान।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–राष्ट्रीय औसत से 64 हजार 51 रूपये ज्यादा कमा रहा हर हिमाचली।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज प्रदेश विधानसभा में पेश करेंगे वित्त वर्ष 2026–27 का बजट। वित्तीय अनुशासन के बीच हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित रहेगा बजट ।

- आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रदेश की विकास दर राष्ट्रीय औसत से अधिक अनुमानित– 2 लाख 83 हज़ार रूपये से अधिक हुई प्रति व्यक्ति आय।

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के सत्यापन के लिए तैयार की जा रही किसान डिजिटल रजिस्ट्री।

- केंद्र सरकार ने आयकर नियम 2026 अधिसूचित किए– पहली अप्रैल से होंगे प्रभावी।

- ईद–उल–फितर का त्यौहर आज देशभर में हर्षाल्लास के साथ मनाया जा रहा है–राष्ट्रपति ने देशवासियों को दी ईद की शुभकामनाएं।